**दिनांकः— 03/05/2023 को गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल पटना, में अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य महोदय के निदेशानुसार सीटी स्कैन की सुविधा, रक्त केन्द्र, SNCU का संचालन तथा मिशन क्वालिटी के तहत गुणवता पूर्ण चिकित्सकीय सेवा देने तथा NQAS प्रमाणीकरण के लिए किये जा रहे कार्यों के प्रगति की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही ।**

E.D., SHS
23/5/23

- अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य महोदय के निदेशानुसार गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल में रक्त केन्द्र, सीटी स्कैन, एवं SNCU की सुविधा चालू किये जाने के लिए किये जा रहे कार्यों के प्रगति का निरीक्षण एवं समीक्षा की गयी ।

3519 (HS) 18/5/2023

- **रक्त केन्द्र का निर्माण** कार्य अंतिम चरण में पाया गया । सिर्फ कुछ खिड़कियों में जाली लगाने तथा वासबेसिन का नल बदलने का कार्य शेष है । साइनेज में नाम सुधार का कार्य नहीं किया गया है । उपस्थित उप महाप्रबंधक BMSICL को बचे हुए कार्यों को एक सप्ताह में पूर्ण करने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालनः उप महाप्रबंधक BMSICL)

- **सीटी स्कैन मशीन के अधिष्ठापन** हेतु स्थल चिन्हित स्थल पर कार्य प्रगति में पाया गया। उपस्थित उप महाप्रबंधक, BMSICL को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया कि सीटी स्कैन अधिष्ठापन से संबंधित असैनिक निर्माण कार्य एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराएं ताकि सीटी स्कैन मशीन का अधिष्ठापन कार्य करवाया जा सके । इसके अतिरिक्त सीटी0 स्कैन मशीन अधिष्ठापन हेतु आवश्यक निबंधन से संबंधित कार्य पूर्ण कराने का निदेश अधीक्षक गुरू गोविन्द सिंह अस्पताल को दिया गया ।

(अनुपालनः अधीक्षक एवं उप महाप्रबंधक BMSICL)

- **SNCU प्रारंभ** करने के लिए उपस्थित उप महाप्रबंधक BMSICL श्री सुनील कुमार के द्वारा बताया गया कि कार्य अंतिम चरण मे है । एक सप्ताह के अन्दर असैनिक निर्माण, ऑक्सीजन पाइप लाईन, जलापूर्ती, विद्युत वायरिंग, A.C. अधिष्ठापन एवं प्रतिक्षालय इत्यादि के कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा ।

I/C PAA
SPO CH/BB/QA/I/c Infra.

(अनुपालनः उप महाप्रबंधक BMSICL)

- उपस्थित अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि

i. मुख्य गेट पर Cattle Trap नहीं लगाया गया है ।

ii. Dental Ward में जलापूर्ति एवं Basin से संबंधित कार्य नहीं कराया गया है ।

iii. परिसर में कुछ बिजली के खम्भों पर लाईट नहीं जलता है।

Emergency एवं Maternity तथा नवनिर्मित SNCU वार्ड का शौचालय पूर्णतः क्रियाशील नहीं है जिसमें कार्य कराये जाने की आवश्यकता है । उपस्थित उप महाप्रबंधक BMSICL को कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालनः उप महाप्रबंधक BMSICL)

22/5/23
कार्यपालक निदेशक

राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार
वितरण शाखा
पंजी प्रविष्ट सं०- 3217
दिनांक- 20/5/23
कम्प्युटर सं०-

- NQAS गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल पटना, में मिशन क्वालिटी के तहत सदर अस्पतालों में दी जा रही चिकित्सकी सेवाओं को राष्ट्रीय मानक के अनुरूप विभिन्न वार्डों यथाः Labour Room, Matrnity Ward, General OT, General Administration , General OPD, Pharmacy, Pathology एवं Paediatrics OPD के Self Assessment प्रतिवेदन का अवलोकन एवं समीक्षा किया गया। (प्रतिवेदन संलग्न) इसके आलोक में स्पष्ट होता है कि NQAS हेतु "General Administration" में मात्र 24% अंक है। विदित हो कि General Administration के NQAS प्रमाणीकरण हेतु अधीक्षक, जिम्मेवार बनाए गए है। इस बिन्दु पर इतना कम अंक यह प्रदर्शित करता है कि अधीक्षक, GGHS के द्वारा NQAS प्रमाणीकरण में अभिरूचि नहीं ली जा रही है । साथ ही, अधीक्षक, GGHS के द्वारा NQAS प्रमाणीकरण हेतु नियमित बैठक एवं समीक्षा नहीं की जाती है जिसके कारण NQAS प्रमाणीकरण हेतु चयनित विभागो/वार्ड (Labour Room को छोड़कर) की प्रगति असंतोसजनक है । उपस्थित अधीक्षक, गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल पटना, को Quality Circle Head एवं टीम के साथ नियमित रूप से बैठक कर कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया ।

इसी प्रकार फार्मेसी का कुल अंक सिर्फ 25% है। फार्मेसी का दवा वितरण केन्द्र भू-तल पर तथा भण्डार गृह तृतीय तल पर है । पूर्व के निरीक्षण में दवा वितरण केन्द्र एवं भण्डार गृह में तिथिवाद दवाओं को रखा गया था जिसे हटा लिया गया है किन्तु अभी भी इसे व्यवस्थित करने की आवश्यकता है । DVDMS Portal भी अद्यतन नहीं पाया गया एवं भण्डारित दवाओं का मिलान भी नहीं पाया गया । फार्मासिस्ट एवं अधीक्षक, GGSH को इसे 7 दिन के अन्दर अद्यतन करने का निदेश दिया गया । फार्मेसी में प्रतिनियुक्त कर्मी श्रीमती दीपा कुमारी के द्वारा कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। इन्हें कार्यशैली में सुधार लाने की चेतावनी दी गयी । साथ ही दवा वितरण केन्द्र पर अद्यतन Essential Drug List को प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया ।

- समीक्षा के क्रम में उपस्थित चिकित्सकों/क्वालिटी सर्कल प्रमुख के द्वारा सामग्रियों/उपकरण/ Consumable की कमी बताई गई तथा अधीक्षक GGHS को इसकी सूची सौंपी गई। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधीक्षक GGHS को इसकी समेकित सूची बनाकर तीन भागों में यथाः

  I. BMSICL द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली
  II. जिला स्वास्थ्य समिति, पटना द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली
  III. जिसका क्रय स्वयं अस्पताल प्रबंधन कर सकता है

में बांटकर BMSICL एवं DHS को पत्राचार करने तथा इसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि इसको follow up कराके दिलवाया जा सके । साथ ही अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली सामग्रियों/उपकरणों, Consumables को 7 दिनों के अन्दर

अधीक्षक GGHS के द्वारा संबंधित विभागों /क्वालिटी सर्कल प्रमुख को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।

समीक्षा के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी की विभिन्न विभागों/वार्डों में संधारित की जाने वाले पंजियों एवं आवश्यक प्रपत्र की आवश्यकता है । उपस्थित अस्पताल प्रबंधक को इसका आकलन कर 7 दिनों अन्दर सभी को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालनः अधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक)

- IEC से संबंधित कार्यो की प्रगति भी असंतोषजनक पाई गयी । उपस्थित अधीक्षक एवं अस्पताल प्रबंधक के द्वारा राशि की अनुपलब्धता बताई गयी । उपस्थित सिविल सर्जन, पटना के द्वारा दूरभाष पर ही जिला कार्यक्रम प्रबंधक, पटना को इस कार्य हेतु राशि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालनः जिला स्वास्थ्य समिति, पटना)

- अस्पताल परिसर में निर्मित 04 चिकित्सक आवास मे से एक में डा0 स्वाता मिश्रा के द्वारा आवासन प्रारंभ कर दिया गया है। उनके वहां आवासित होकर चिकित्सकीय सेवा देने से मरीजों को काफी सहुलियत हो रही है । इस कार्य के लिए उन्हें अधीक्षक के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिये जाने का अनुरोध अधोहस्ताक्षरी द्वारा किया गया । दूसरे आवास में डा0 विभा रानी आवासित होना चाहती हैं किन्तु उसकी मरम्मति कराने की आवश्यकता अधीक्षक के द्वारा बताया गया । उपस्थित उप महाप्रबंधक BMSICL को शेष तीन चिकित्सक आवास की मरम्मति हेतु वरीय पदाधिकारी से अनुमति लेकर करवाने का निदेश दिया गया । अस्पताल परिसर में चिकित्सक के आवसन होने से मरीजों को बहुत लाभ होगा।

- NQAS मानक के अनुरूप 28 Key Performance Indicators का संधारण नहीं किया जा रहा है। GGHS का Bed Occupancy Rate मात्र 5% है । समीक्षा के क्रम में यह बात प्रकाश में आयी कि JBSY के तहत लाभार्थी का भुगतान नियमित रूप से नहीं होने के कारण यहां प्रसव हेतु आने वाली महिलाओं में लागातार कमी पायी जा रही है । अप्रैल माह में सिर्फ 02 CS एवं मार्च माह में सिर्फ 7 CS हुआ है। साथ ही यह पाया गया की JBSY का भुगतान नियमित रूप में तथा Discharge होने की तिथि तक नहीं किया जाता है जिसके कारण भुगतान काफी लम्बी अवधि से लम्बित है । यह अत्यंत ही खेदजनक है । उपस्थित अधीक्षक को निदेशित किया गया कि इन सभी लाभार्थियों को अधीक्षक के हस्ताक्षर से व्यक्तिगत सूचना निर्गत मोबाईल/दूरभाष के माध्यम से किया जाए एवं उसमें स्पष्ट रूप से यह बताया जाए कि किस कारण से उनका भुगतान लम्बित है तथा उक्त कागजात की मांग लाभार्थी से की जाए ताकि नियमानुसार उनका भुगतान किया जा सके । इसी क्रम में "आशा" को भी दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि का भुगतान भी लम्बी अवधि से लम्बित पाई गयी है जिसके कारण यहां प्रसव के लिए लोगों का कम आना प्रतीत होता है । उपस्थित लेखापाल द्वारा बताया गया कि अश्वीन पोर्टल से संबंधित कुछ समस्या आ रही है । इस सदर्भ में प्रभारी डी0सी0एम0 पटना, श्री गिरीश रंजन औझा को

L 1015.

386

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा दूरभाष पर निदेश दिया गया कि अस्पताल के पोषक क्षेत्र के सभी 18 आशाओं के साथ दिनांक :– 04.05.2023 को बैठक कर उन्हें प्रशिक्षित करते हुए Hands on Training दिया जाए। ताकि उनके प्रोत्साहन की राशि का अविलम्ब भुगतान हो जिससे सभी आशा प्रोत्साहित होकर क्षेत्र की गर्भवती माताओं को अस्पताल लाने का प्रयास करें । मार्च एवं अप्रैल माह में OPD एवं IPD की संख्या निम्नवत है:–

| **March** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Total OPD | Total IPD | Total C-Section | Minilap | Minor | Major | Total Delivery | Total ANC |
| 19012 | 1064 | 07 | 23 | 545 | 313 (including Eye Op.-258 | 107 | 465 |
| **April** | | | | | | | |
| Total OPD | Total IPD | Total C-Section | Minilap | Minor | Major | Total Delivery | Total ANC |
| 18323 | 1078 | 02 | 16 | 542 | 160(including Eye Op.-129 | 105 | 576 |

उपरोक्त विवरणी से स्पष्ट है कि GGSH में सेवा प्रदान करने में गुणात्मक सुधार की काफी संभावना है। चिकित्सकों की Duty Roster बनाकर उसका अनुपालन सुनिश्चित कराने की आवश्यकता है। उपस्थित अधीक्षक एवं सभी चिकित्सक/कर्मियों से इस दिशा में कार्य करने का अनुरोध किया गया । बैठक की अगली तिथि 10.05.2023 को निर्धारित की गयी । सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी ।

ह०
उप सचिव सह
प्रभारी मानव संसाधन
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

ज्ञापांक 1694 पटना, दिनांक 8-5-23

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः कार्यपालक निदेशक राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः अधीक्षक, गुरू गोविन्द सिंह सदर अस्पताल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः प्राचार्या, LHV ट्रेनिंग स्कूल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः उप महाप्रबंधक BMSICL, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः डा0 प्रबीर मोहराना, एस०आर०यू०, केयर इंडिया (गुणवत्ता अंकेक्षक) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव सह<br>
प्रभारी मानव संसाधन<br>
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

485

| Area of concern | | Name of Department<br>GGD- DH NQAS Score 03.5.23 | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Labour Room | Maternity Ward | Maternity OT | General Admin | Pathology | Pharmacy | Paed . OPD | General OPD |
| A | Service Provision | 77% | 77% | 50 | 61% | 63% | 71% | 41 | 58% |
| B | Patient Rights | 83% | 52% | 82 | 21% | 55% | 44% | 25 | 51% |
| C | Inputs | 69% | 61% | 59 | 36% | 43% | 33% | 43 | 58% |
| D | Support Services | 74% | 31% | 56 | 24% | 57% | 22% | 40 | 70% |
| E | Clinical Services | 83% | 45% | 83 | 16% | 50% | 19% | 53 | 58% |
| F | Infection Control | 59% | 27% | 57 | 12% | 54% | 0% | 33 | 39% |
| G | Quality Management | 46% | 13% | 51 | 15% | 9% | 9% | 11 | 9% |
| H | Outcome | 40% | 22% | 50 | 0% | 0% | 0% | 0 | 0% |
| | **Overall** | **69%** | **40%** | **64%** | **24%** | **40%** | **25%** | **36%** | **48%** |